रविवार
15 मार्च, 2026

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर

जानकी शिशु महाविहार
शिशु स्तर से पंचम स्तर तक
विशेषताएँ :-
• सी. सी. टी. वी. कैमरा की व्यवस्था
• स्मार्ट क्लास
• सभी रूट पर वाहन की व्यवस्था
• कंप्युटर क्लास

वर्ष 2, अंक 43 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार
www.apnanalanda.com

## आगामी पर्वों को लेकर प्रशासन सतर्क, सुरक्षा व व्यवस्था पर विशेष तैयारी




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। आगामी पर्व-त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर शनिवार को समाहरणालय में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी कुन्दन कुमार तथा पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने संयुक्त रूप से की। बैठक में ईद-उल-फितर, चैती छठ पूजा, चिरागा मेला (चादर जुलूस), रामनवमी तथा महावीर जयंती के अवसर पर विधि-व्यवस्था, सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन, स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में बताया गया कि ईद-उल-फितर 20 से 21 मार्च, चैती छठ पूजा 22 से 25 मार्च, चिरागा मेला 23 मार्च से 2 अप्रैल, रामनवमी 27 से 28 मार्च तथा महावीर जयंती 30 से 31 मार्च 2026 तक मनाई जाएगी। इन पर्वों को देखते हुए जिले के संवेदनशील और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। साथ ही वाहन गश्ती दल और पैदल गश्ती दल लगातार सक्रिय रहेंगे।27 से 28 मार्च तथा महावीर जयंती 30 से 31 मार्च 2026 तक मनाई जाएगी। इन पर्वों को देखते हुए जिले के संवेदनशील और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। साथ ही वाहन गश्ती दल और पैदल गश्ती दल लगातार सक्रिय रहेंगे।

प्रशासन ने स्पष्ट किया कि बिना लाइसेंस किसी भी प्रकार का जुलूस निकालना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा तथा जुलूस के लिए निर्धारित शर्तों के अनुसार ही लाइसेंस जारी किया जाएगा। जुलूस में किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र, डीजे, भड़काऊ भाषण और अश्लील गीतों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

चैती छठ पूजा के दौरान विभिन्न घाटों पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग और सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए जाएंगे। वहीं शहर में निगरानी के लिए 574 सीसीटीवी कैमरे सक्रिय रहेंगे।

बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी तथा थाना अध्यक्ष सहित संबंधित अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 4252 मामलों का निपटारा, करोड़ों रुपये का समझौता



रंजीत कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहारशरीफ एवं हिलसा व्यवहार न्यायालय में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान बड़ी संख्या में मामलों का आपसी सहमति से निष्पादन किया गया। इस लोक अदालत में कुल 4252 मामलों का निपटारा किया गया, जिसमें 4 करोड़ 46 लाख 76 हजार 243 रुपये की राशि का सेटलमेंट हुआ। इससे कई पक्षकारों को वर्षों से लंबित मामलों से राहत मिली।

राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल संचालन के लिए बिहारशरीफ व्यवहार न्यायालय में कुल 12 बेंचों का गठन किया गया था। इन बेंचों में न्यायिक पदाधिकारियों ने विभिन्न मामलों की सुनवाई करते हुए पक्षकारों के बीच आपसी समझौते के आधार पर विवादों का समाधान कराया। इस दौरान न्यायालय में लंबित 2832 मामलों का निष्पादन किया गया, जबकि प्री-लिटिगेशन से जुड़े 1420 मामलों का भी आपसी सहमति से निपटारा किया गया।लोक अदालत में कई महत्वपूर्ण क्लेम मामलों का भी समाधान किया गया। इनमें एक बुजुर्ग महिला धर्मशिला देवी के मामले में टाटा एआईजी कंपनी से जुड़े 1 करोड़ 19 लाख रुपये के दावे का एडीजे-1 बेंच के समक्ष सुनवाई के बाद 50 हजार रुपये में आपसी सहमति से सेटलमेंट किया गया। वहीं एचडीएफसी इंश्योरेंस से संबंधित बीना देवी के क्लेम मामले में 5 लाख 50 हजार रुपये की राशि पर समझौता हुआ।

इसके अलावा मोटर वाहन दुर्घटना से जुड़े दो मामलों का भी निष्पादन किया गया, जिनमें लगभग 90 वर्ष आयु के आश्रितों को करीब 55 लाख 50 हजार रुपये की राशि प्रदान की गई।

इस अवसर पर नालंदा न्यायाधीशालय के निरीक्षी न्यायाधीश राजीव राय ने भी व्यवहार न्यायालय पहुंचकर गठित बेंचों का निरीक्षण किया।

उन्होंने कहा कि लोक अदालत का उद्देश्य लोगों को त्वरित, सुलभ और निःशुल्क न्याय उपलब्ध कराना है तथा अधिक से अधिक मामलों का आपसी समझौते के आधार पर निष्पादन कराया जाना चाहिए।

## पटना शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार के मामले में कार्रवाई की मांग, दो साल से लंबित जांच पर उठे सवाल


अखिलेंद्र कुमार

पटना(अपना नालंदा)।पटना जिला शिक्षा विभाग से जुड़े कथित भ्रष्टाचार के मामले में कार्रवाई की मांग तेज हो गई है। तेजस्वी फैन्स एसोसिएशन के सचिव गायत्री देवी ने इस मामले में संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए शिकायत दर्ज कराई है।दायर परिवाद के अनुसार, पटना के तत्कालीन जिला शिक्षा पदाधिकारी अमित कुमार और तत्कालीन जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) अरुण कुमार मिश्र के विरुद्ध भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर परिवाद पत्र दाखिल किया गया था। इस संबंध में शिक्षा विभाग के निदेशक (प्रशासन) सह अपर सचिव द्वारा पत्रांक-121781 दिनांक 25 मार्च 2024 के माध्यम से जांच का निर्देश दिया गया था।शिकायतकर्ता के अनुसार, जांच के निर्देश दिए जाने के बावजूद लगभग दो वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। बताया गया है कि पत्रांक-705 दिनांक 21 मई 2025 के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी, पटना से वस्तुस्थिति की जानकारी मांगी गई थी और इस संबंध में कई बार स्मरण भी कराया गया, लेकिन अब तक रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराई गई है।आरोप लगाया गया है कि जिला शिक्षा कार्यालय के संचिका प्रभारी लिपिक अजय कुमार इस मामले की फाइल को लंबे समय से लंबित रखे हुए हैं और उसका प्रचालन नहीं किया जा रहा है। इसके साथ ही वर्तमान जिला शिक्षा पदाधिकारी साकेत रंजन पर भी मामले में कोई पहल नहीं करने का आरोप लगाया गया है, जिससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलने की बात कही गई है।

## मिर्जापुर गांव में आपसी विवाद में मां और बेटा घायल

विजय प्रकाश उर्फ पिन्नू

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। रहुई थाना क्षेत्र के मिर्जापुर गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में मां और बेटा घायल हो गए। दोनों घायलों को इलाज के लिए पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रहुई ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उन्हें बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल रेफर कर दिया गया।घायलों की पहचान मिर्जापुर गांव निवासी स्वर्गीय ब्रह्मदेव प्रसाद की पत्नी उर्मिला कुमारी तथा उनके पुत्र चंद्रमणि कुमार के रूप में की गई है। बताया जाता है कि उर्मिला कुमारी गांव में आशा कार्यकर्ता के रूप में कार्यरत हैं।घायल चंद्रमणि कुमार ने बताया कि शनिवार की सुबह उनकी पत्नी घर के सामने झाड़ू लगा रही थी। झाड़ू लगाने के बाद जब वह कचरा किनारे रखने लगीं, तभी उनके गोतिया कमलेश प्रसाद, चंदन कुमार और जयंती देवी ने उनकी पत्नी के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। शोर सुनकर उनकी मां उर्मिला कुमारी बीच-बचाव करने पहुंचीं, लेकिन आरोपियों ने उनके साथ मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गईं।चंद्रमणि कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर जब वह मौके पर पहुंचे और विरोध किया, तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। मारपीट के दौरान वह भी घायल हो गए। बाद में होश आने पर उन्होंने अपनी मां को जमीन पर घायल अवस्था में पड़ा देखा।घटना के बाद परिजनों ने दोनों घायलों को इलाज के लिए रहुई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल रेफर कर दिया।इस संबंध में रहुई थाना अध्यक्ष ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। पीड़ित पक्ष की ओर से लिखित आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



SAI BODHIT PVT. LTD.
बिहारशरीफ़ की नई पहचान
SHRIEJAN HEIGHTS में अपना आशियाना।
SHRIEJAN HEIGHTS
कल्पना एक सुंदर-समृद्ध भारत की।
LIFESTYLE OF THE WORLD COMES TO BIHARSHARIF
चोरा बगीचा से केवल 2 मिनट की दुरी पर ..........
APPROVED RERA APPROVED APPROVED
Project Registration Number
BRERAP192001011025250432E00
from ₹4251 TO ₹4551/*sq.ft
60% Free Area
Amenities:
. Swimming Pool
· Vastu Compliant Design
. Kids' Play Area
· Volleyball / Badminton Court
. Cricket net pitch
. Landscape & Roof Top Garden
. Temple in Premises
. Highly Secured Society (24x7 security & cctv surveillance)
· 100% Power Backup
. Ample Parking Space & Visitor Car Parking Facility
· EV Reserved Car Parking
Contact Us -
1800 5728 177 (TOLL FREE NUMBER)
9031605004
COMFORT, LUXURY WELLNESS
Site/Office -
सृजन कोल्ड स्टोरेज,
नालंदा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के सामने,
राजगीर रोड, बिहारशरीफ (4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग-82)
Contact us today to book your site visit!

# चंडी में खुले में मांस-मछली बिक्री पर सख्ती, 16 दुकानदारों को नोटिस




चंडी (अपना नालंदा)। चंडी नगर पंचायत क्षेत्र में खुले में तथा अवैध रूप से मांस-मछली की बिक्री करने वाले दुकानदारों के खिलाफ नगर पंचायत प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। नियमों का उल्लंघन करने वाले 16 दुकानदारों को बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 की धारा 345 के तहत आधिकारिक नोटिस जारी किया गया है। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद अवैध रूप से कारोबार करने वाले मांस विक्रेताओं में हड़कंप मच गया है।


नगर पंचायत की कार्रवाई के बाद मांस-मछली विक्रेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल कार्यपालक पदाधिकारी डॉ. अनूपा कुमारी से मिला और अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। दुकानदारों ने बताया कि नगर क्षेत्र में मछली बाजार की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण उन्हें मजबूरन सड़कों के किनारे दुकान लगाकर कारोबार करना पड़ता है। उन्होंने यह भी कहा कि नगर में किराये पर दुकान भी आसानी से उपलब्ध नहीं हो पा रही है, जिसके कारण वे खुले में ही मांस-मछली बेचने को विवश हैं।

इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी डॉ. अनूपा कुमारी ने बताया कि खुले में मांस-मछली की बिक्री पर रोक लगाने के लिए पहले ही दुकानदारों को नोटिस दिया जा चुका था। नोटिस के बाद दुकानदारों ने मिलकर अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखी हैं, जिस पर विचार किया जा रहा है।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि नगर पंचायत प्रशासन केवल नोटिस देने तक सीमित नहीं रहेगा। नगर के प्रमुख चौराहों और बाजारों में लाउडस्पीकर के माध्यम से दुकानदारों को नियमों का पालन करने के लिए लगातार जागरूक किया जा रहा है। चेतावनी दी गई है कि यदि इसके बाद भी नियमों का उल्लंघन किया गया, तो संबंधित दुकानों को सील कर दिया जाएगा तथा दोषी दुकानदारों से भारी जुर्माना भी वसूला जाएगा।










# समाहरणालय परिसर में स्वास्थ्य शिविर, कर्मियों व परिवारजनों की हुई विभिन्न जांच



अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। शनिवार को नालंदा के जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार के निर्देश पर समाहरणालय संवर्ग के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा उनके परिवारजनों के बेहतर स्वास्थ्य के उद्देश्य से समाहरणालय परिसर में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन जिला स्वास्थ्य विभाग की ओर से किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी और उनके परिजन स्वास्थ्य जांच के लिए पहुंचे।

स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा विभिन्न रोगों की जांच और परामर्श की व्यवस्था की गई थी। शिविर में कैंसर स्क्रीनिंग, आंखों की जांच, महिला रोग से संबंधित जांच, नाक-कान-गला रोग की जांच, मधुमेह (डायबिटीज), रक्तचाप (बीपी) तथा पेट से संबंधित बीमारियों की जांच की गई।

चिकित्सकों ने मरीजों को आवश्यक परामर्श दिया और जरूरतमंद लोगों को दवाइयां भीउपलब्ध कराइ गई।शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लोगों को नियमित स्वास्थ्य जांच कराने, संतुलित आहार लेने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के प्रति जागरूक भी किया। चिकित्सकों ने बताया कि समय-समय पर जांच कराने से गंभीर बीमारियों की पहचान प्रारंभिक अवस्था में हो जाती है, जिससे उनका उपचार आसान हो जाता है।

जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर का जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार तथा पुलिस अधीक्षक नालंदा भारत सोनी ने स्थलीय निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था का जायजा लिया और मौजूद चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों से जानकारी प्राप्त की।

# पावापुरी में मागधी सेना की बैठक, संगठन विस्तार पर हुई विस्तृत चर्चा



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। पावापुरी स्थित एक स्थानीय धर्मशाला में शनिवार को मागधी सेना की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन के विस्तार तथा मगध क्षेत्र के सामाजिक और राजनीतिक सशक्तिकरण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में संगठन से जुड़े कई सदस्य और पदाधिकारी उपस्थित रहे।बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के संरक्षक चितरंजन कुमार ने कहा कि मागधी सेना का विस्तार मगध क्षेत्र के साथ-साथ अंग प्रदेश तक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इतिहास के पन्नों में मगध का गौरवशाली स्थान रहा है। एक समय मगध साम्राज्य विश्व के प्रमुख केंद्रों में गिना जाता था और अनेक छोटे-छोटे प्रदेश इसके अधीन हुआ करते थे। मगध की राजधानी से ही शासन-प्रशासन संचालित होता था और यह क्षेत्र शिक्षा, संस्कृति तथा प्रशासनिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध था।उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मगध क्षेत्र की राजनीतिक और सामाजिक स्थिति पहले की अपेक्षा कमजोर होती दिखाई दे रही है। ऐसे में समाज को नई दिशा और ऊर्जा देने के लिए संगठित प्रयास की आवश्यकता है। मागधी सेना इसी उद्देश्य के साथ कार्य कर रही है और आने वाले समय में संगठन को गांव-गांव तक मजबूत किया जाएगा।बैठक में उपस्थित सदस्यों ने भी संगठन के विस्तार, सामाजिक जागरूकता और क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त किए। सभी ने मिलकर संगठन को मजबूत बनाने और समाज के बीच सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।


इस अवसर पर नागमणि सिंह, दिनेश सिंह, अरुण कुमार सिंह, ललित श्रीवास्तव, सुरेश सिंह, विजय शर्मा, रविंद्र सिन्हा, मुन्ना पांडे सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।












# चंडी नगर पंचायत में महिला सफाईकर्मियों को सम्मान, समर्पण की सराहना





चंडी (अपना नालंदा)। चंडी नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नगर पंचायत में कार्यरत महिला सफाईकर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्य, समर्पण और स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता के लिए सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान महिला सफाईकर्मियों को पौधे भेंट कर सम्मानित किया गया और उनके योगदान की सराहना की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यपालक पदाधिकारी डॉ. अनूपा कुमारी ने कहा कि नगर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाए रखने में सफाईकर्मियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि महिला सफाईकर्मी कठिन परिस्थितियों में भी पूरी जिम्मेदारी और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करती हैं। उनके परिश्रम के कारण ही शहर की स्वच्छता व्यवस्था बेहतर बनी रहती है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत के लिए सभी सफाईकर्मी परिवार के सदस्य की तरह हैं और उनके उत्साहवर्धन के लिए समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इससे कर्मचारियों का मनोबल बढ़ता है और वे और अधिक समर्पण के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करते हैं।

कार्यक्रम के दौरान महिला सफाईकर्मियों के समर्पण, मेहनत और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए कहा गया कि स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर चंडी बाजार के निर्माण में सफाईमित्रों की भूमिका बेहद अहम है। कार्यक्रम में "सशक्त नारी – स्वच्छ शहर की आधारशिला" तथा "जनभागीदारी से ही स्वच्छता का संकल्प साकार होगा" जैसे संदेश भी दिए गए।

अधिकारियों ने कहा कि समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए नगर पंचायत लगातार प्रयास कर रही है और इसमें सफाईकर्मियों का योगदान सबसे महत्वपूर्ण है।






## देशभक्ति कार्यक्रम के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



हिलसा (अपना नालंदा)। अनुमंडल मुख्यालय स्थित राम बाबू हाई स्कूल के मैदान में पिछले माह आयोजित देशभक्ति आधारित समारोह में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को शनिवार को सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह आदर्श सर्वोदय स्कूल के प्रांगण में आयोजित किया गया, जिसमें कार्यक्रम के सफल प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉ. आशुतोष कुमार मानव ने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ विद्यार्थियों को सांस्कृतिक और देशभक्ति से जुड़ी गतिविधियों में भी भाग लेना चाहिए। इससे बच्चों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है और उनमें देश के प्रति समर्पण तथा जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है।

उन्होंने कहा कि जो विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ इस प्रकार की गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं, वे भविष्य में समाज और देश के लिए बेहतर कार्य करने में सक्षम बनते हैं। ऐसे कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें देश के प्रति अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक भी करते हैं।

इस अवसर पर निजी विद्यालय संघ के अध्यक्ष सत्येंद्र प्रसाद सिन्हा ने कहा कि राष्ट्रीय पर्वों के अवसर पर बच्चों द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली देशभक्ति आधारित प्रस्तुतियां समाज में सकारात्मक संदेश देती हैं। इससे नागरिकों में भी देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना मजबूत होती है।

सम्मान समारोह के दौरान प्रशस्ति पत्र प्राप्त करते ही छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम में मौजूद अभिभावकों और शिक्षकों ने भी बच्चों के उत्साह और प्रतिभा की सराहना की।

## यूजीसी रेगुलेशंस लागू करने की मांग को लेकर 18 मार्च को पटना में 'समता महाजुटान' व राजभवन मार्च



हिलसा (अपना नालंदा)। यूजीसी रेगुलेशंस 2026 को लागू करने की मांग को लेकर 18 मार्च को पटना में 'समता महाजुटान' सह राजभवन मार्च का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम ऑल इंडिया फोरम फॉर इक्विटी के बैनर तले आयोजित किया जा रहा है। इस मार्च में शामिल होने और समर्थन देने के लिए फोरम की ओर से बिहार के विभिन्न विपक्षी दलों को आमंत्रण पत्र सौंपा गया है।

जानकारी के अनुसार अब तक राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल, इंकलाब इन्क्लूसिव पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ई.आई.पी. गुप्ता तथा भाकपा के नेताओं को आमंत्रण पत्र दिया जा चुका है। वहीं अन्य सामाजिक न्याय से जुड़ी पार्टियों को भी आमंत्रण सौंपने की प्रक्रिया जारी है।

ऑल इंडिया फोरम फॉर इक्विटी के प्रदेश सह संयोजक तथा अतिपिछड़ा संघर्ष मोर्चा के संयोजक और कांग्रेस नेता मंजीत आनंद साहू तथा आइसा के राज्य सह सचिव कुमार दिव्यम ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रदेश अध्यक्षों को ज्ञापन सौंपते हुए कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने बताया कि राजद, भाकपा-माले, कांग्रेस, वीआईपी, आईआईपी, भाकपा और माकपा सहित अन्य दलों को भी आमंत्रण दिया जा रहा है।

नेताओं ने कहा कि यूजीसी रेगुलेशंस पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा लगाई गई रोक के विरोध में बिहार भर से छात्र और युवा पटना में एकत्रित होंगे। सामाजिक न्याय से जुड़ी सभी पार्टियों से इस राजभवन मार्च को समर्थन देने तथा उनके छात्र-युवा संगठनों की भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की गई है।

उन्होंने बताया कि यह मार्च यूजीसी रेगुलेशंस 2026 को लागू करने, 65 प्रतिशत आरक्षण लागू करने तथा जाति आधारित जनगणना कराने समेत सामाजिक न्याय से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर आयोजित किया जा रहा है। आयोजकों का दावा है कि बिहार के विभिन्न जिलों से हजारों छात्र-युवा इसमें भाग लेंगे और यह मार्च ऐतिहासिक होगा।






# राजगीर सम्मेलन में विशेषज्ञों की चेतावनी: मधुमेह और हृदय रोग का गहरा संबंध




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। प्राचीन चिकित्सा परंपरा की भूमि राजगीर में आयोजित क्लिनिकल कार्डियो डायबिटिक सोसाइटी ऑफ इंडिया के बिहार-झारखंड चैप्टर के 10वें वार्षिक सम्मेलन के दूसरे दिन शनिवार को विभिन्न वैज्ञानिक सत्रों का आयोजन किया गया। इन सत्रों में देशभर से आए हृदय रोग और मधुमेह विशेषज्ञों ने आधुनिक उपचार पद्धतियों, नई तकनीकों तथा बदलती जीवनशैली से बढ़ रही बीमारियों पर विस्तार से चर्चा की।

सम्मेलन में विशेषज्ञों ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली, असंतुलित खान-पान, शारीरिक गतिविधियों की कमी तथा बढ़ते मानसिक तनाव के कारण हृदय रोग और मधुमेह के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। पटना के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. ज्ञान प्रकाश ने कहा कि वर्तमान समय में हृदय रोग और मधुमेह का संबंध अत्यंत गहरा हो गया है। उन्होंने इसे चोली-दामन और पति-पत्नी जैसा बताते हुए कहा कि मधुमेह से पीड़ित मरीजों में हृदय रोग का खतरा सामान्य लोगों की तुलना में काफी अधिक रहता है।

डॉ. ज्ञान प्रकाश ने कहा कि इन बीमारियों से बचाव के लिए समय-समय पर स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और तनावमुक्त जीवनशैली अपनाना अत्यंत आवश्यक है। यदि इन रोगों की पहचान शुरुआती चरण में ही हो जाए तो उचित उपचार और सावधानी के माध्यम से गंभीर जटिलताओं से काफी हद तक बचा जा सकता है। उन्होंने लोगों से नियमित जांच कराने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की।

सम्मेलन के दौरान आयोजित विभिन्न वैज्ञानिक सत्रों में आधुनिक चिकित्सा तकनीकों, नई दवाओं तथा उपचार पद्धतियों पर विस्तार से मंथन किया गया। डॉ. सुजीत कुमार ने हृदय रोग और मधुमेह के आपसी संबंधों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मधुमेह के मरीजों में हृदय संबंधी जटिलताओं का खतरा अधिक होता है, इसलिए ऐसे मरीजों की नियमित निगरानी और उपचार बेहद जरूरी है।

डॉ. धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि चिकित्सकों के बीच ज्ञान और अनुभव का आदान-प्रदान चिकित्सा क्षेत्र के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसे सम्मेलनों के माध्यम से डॉक्टरों को नवीनतम शोध, तकनीकों और उपचार पद्धतियों की जानकारी मिलती है, जिससे मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराया जा सकता है।

सम्मेलन के विभिन्न सत्रों में देश के कई





विशेषज्ञ चिकित्सकों ने शोधपत्र प्रस्तुत किए और अपने अनुभव साझा किए। बनारस के प्रोफेसर डॉ. मधुकर राय ने मधुमेह और हार्ट फेल्योर के संबंध पर विस्तार से व्याख्यान दिया। वहीं पंजाब से आए एक विशेषज्ञ चिकित्सक ने प्रदूषण और मधुमेह के बीच बढ़ते संबंध पर आधारित अपना शोध प्रस्तुत किया। पूर्णिया के डॉ. आरके मोदी ने मोटापा और उससे जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं पर व्याख्यान देते हुए कहा कि बढ़ता मोटापा मधुमेह और हृदय रोग का प्रमुख कारण बनता जा रहा है।

सम्मेलन में आयोजित कार्यशाला और वैज्ञानिक सत्रों में रांची के डॉ. डीके सिंह, डॉ. रामसेवक प्रसाद, डॉ. इंद्रजीत, डॉ. हिमालय झा, डॉ. हर्षवर्धन, डॉ. राजीव कुमार झा, औरंगाबाद के डॉ. बीके सिंह, गया के डॉ. मृत्युंजय कुमार सिंह, पटना के डॉ. शैवाल गुहा, डॉ. सुधीर कुमार और डॉ. सज्जाद हसन ने भी अपने विचार रखे। इसके अलावा गया के डॉ. पीके सिन्हा, सीतामढ़ी के डॉ. महावीर ठाकुर, बिहारशरीफ के डॉ. धर्मेंद्र सिंह और कुमारी रश्मि, सासाराम के डॉ. महेंद्र प्रताप, मुजफ्फरपुर के डॉ. अमित कुमार दास तथा डॉ. गोविंद रंजन ने भी विभिन्न विषयों पर अपने अनुभव साझा किए।

कार्यक्रम में कटिहार के डॉ. प्रमोद कुमार अग्रवाल, पश्चिम बंगाल के डॉ. दीपांजन बंदोपाध्याय और डॉ. शंकर सिंह तथा जमशेदपुर के डॉ. ए.के. आर्य ने भी अलग-अलग सत्रों में महत्वपूर्ण शोध और चिकित्सकीय अनुभव प्रस्तुत किए।

सम्मेलन में बड़ी संख्या में चिकित्सक, मेडिकल छात्र और स्वास्थ्यकर्मी शामिल हुए। आयोजकों ने बताया कि सम्मेलन के अंतिम दिन भी कई महत्वपूर्ण वैज्ञानिक सत्र, शोध प्रस्तुतियां और व्याख्यान आयोजित किए जाएंगे, जिनमें हृदय रोग और मधुमेह से जुड़े नवीनतम शोध और उपचार पद्धतियों पर चर्चा की जाएगी। इससे चिकित्सा क्षेत्र को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# रोटरी क्लब तथागत के सेवा कार्यों से शहर में जनहित की नई पहल




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। रोटरी क्लब तथागत द्वारा शुक्रवार को डिस्ट्रिक्ट 3250 की डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन नम्रता, असिस्टेंट गवर्नर (जोन-10) रोटेरियन डॉ. अजीत कुमार सिंह तथा रीजनल डायरेक्टर (जोन 9, 10 एवं 11) रोटेरियन डॉ. सुनील कुमार के आधिकारिक क्लब दौरे के अवसर पर विभिन्न जनहित एवं पब्लिक इमेज से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पूरे दिन चले इन कार्यक्रमों में समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण तथा यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने से संबंधित कई पहलें की गईं।

कार्यक्रम की शुरुआत कारगिल मोड़ पर रोटरी पिलर के अनावरण से हुई। इस पिलर पर रोटरी इंटरनेशनल तथा रोटरी क्लब तथागत का लोगो स्थापित किया गया, ताकि आम जनता को रोटरी के सेवा कार्यों की जानकारी मिल सके। इसके पश्चात ऊपरौरा मोड़ पर शेखपुरा, पावापुरी और नवादा से बिहारशरीफ आने वाले मार्ग पर एक सांकेतिक सूचना पट्ट (साइन बोर्ड) का उद्घाटन किया गया। इस साइन बोर्ड से आने-जाने वाले लोगों को दिशा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

इसके बाद सभी अतिथि रोटरी स्मृति उद्यान, मुरउरा पहुंचे, जहां डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन नम्रता, असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन डॉ. अजीत कुमार सिंह, रीजनल डायरेक्टर रोटेरियन डॉ. सुनील कुमार, क्लब अध्यक्ष रोटेरियन परमेश्वर महतो, क्लब सचिव रोटेरियन मधु कंचन तथा मॉर्निंग वॉक टीम के सदस्यों ने मिलकर तालाब के चारों ओर 25 बेगुंबेलिया और गुलमोहर के पौधे लगाए। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

इसके बाद सभी अतिथिगण रोटरी तथागत सहेली सेंटर, सुंदरगढ़ भैंसा सुर पहुंचे, जहां ब्यूटीशियन, सिलाई तथा कंप्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी छात्राओं और महिलाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया।

इसी क्रम में बिहारशरीफ शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से अस्पताल चौराहा पर रोटरी क्लब तथागत द्वारा निर्मित ट्रैफिक बूथ का उद्घाटन किया गया। इसका उद्घाटन डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन नम्रता, रीजनल डायरेक्टर पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन डॉ. सुनील कुमार, असिस्टेंट





गवर्नर रोटेरियन डॉ. अजीत कुमार सिंह, क्लब अध्यक्ष रोटेरियन परमेश्वर महतो, क्लब सचिव रोटेरियन मधु कंचन, यातायात विभाग के पदाधिकारी संजय सिंह तथा परियोजना निर्देशक रोटेरियन डॉ. नीरज कुमार द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया।

कार्यक्रम के दौरान अस्पताल चौराहे पर तैनात आठ यातायात पदाधिकारियों को उनके सराहनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। रोटरी क्लब तथागत के पदाधिकारियों ने उनके समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान किया तथा मिठाइयों का वितरण भी किया गया।

इस अवसर पर आयोजित पब्लिक फंक्शन को संबोधित करते हुए डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन नम्रता और असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन डॉ. अजीत कुमार सिंह ने कहा कि रोटरी क्लब तथागत समाज में उत्कृष्ट सेवा कार्य कर रहा है तथा पब्लिक इमेज के क्षेत्र में भी सराहनीय पहल कर रहा है। उन्होंने कहा कि समाजहित में किए जा रहे ऐसे कार्य अन्य संस्थाओं के लिए भी प्रेरणास्रोत हैं।

कार्यक्रम के दौरान प्रशांत भदानी तथा ई. विपिन कुमार भास्कर को क्लब के नए सदस्य के रूप में रोटेरियन बनाया गया।

इस पूरे कार्यक्रम के सफल संचालन में प्रोजेक्ट चेयरमैन रोटेरियन डॉ. नीरज कुमार, रोटेरियन अनिल सैनी, रोटेरियन अमित कुमार, रोटेरियन ऋषभ जैन, रोटेरियन विपिन भास्कर, रोटेरियन जोसेफ टी. टी., रोटेरियन अनिल कुमार, रोटेरियन अशोक कुमार, रोटेरियन मंजू प्रकाश, रोटेरियन महेश लोहानी, रोटेरियन विश्व प्रकाश, रोटेरियन कुमारी किरण, रोटेरियन रश्मि दास, रोटेरियन डॉ. इंद्रजीत कुमार, रोटेरियन संजीव दास, रोटेरियन अमित भारती, रोटेरियन ई. अरविंद कुमार तथा मॉर्निंग वॉक टीम के अन्य सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# राजगीर में बिना लाइसेंस सड़क किनारे मीट-मछली दुकानों पर प्रशासन मौन



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। पर्यटन नगरी राजगीर में उपमुख्यमंत्री सह नगर विकास एवं आवास मंत्री विजय कुमार सिन्हा के निर्देशों की खुलेआम अनदेखी होती नजर आ रही है। सरकार की ओर से स्पष्ट आदेश जारी किया गया था कि नगर परिषद क्षेत्र में बिना लाइसेंस के मीट, मछली तथा मुर्गा-मुर्गी की दुकानें संचालित नहीं होंगी और सड़क किनारे इस तरह की दुकानें लगाने पर सख्त रोक रहेगी। इसके बावजूद जमीनी स्तर पर स्थिति इसके बिल्कुल विपरीत दिखाई दे रही है। स्थानीय प्रशासन की उदासीनता के कारण यह आदेश फिलहाल कागजों तक ही सीमित नजर आ रहा है।

राजगीर शहर के कई प्रमुख मार्गों और बाजारों में बिना लाइसेंस के मीट और मछली की दुकानें खुलेआम संचालित हो रही हैं। कई दुकानदार सड़क किनारे अस्थायी ढंग से दुकान लगाकर अपना व्यवसाय चला रहे हैं। इन दुकानों पर साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था भी नहीं है और न ही किसी प्रकार की नियमित प्रशासनिक निगरानी दिखाई देती है। इसके बावजूद नगर परिषद या अनुमंडल प्रशासन की ओर से इन दुकानों के खिलाफ अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि उपमुख्यमंत्री के निर्देश के बाद उम्मीद थी कि नगर परिषद और संबंधित अधिकारी इस मामले में सख्ती दिखाते हुए बिना लाइसेंस संचालित दुकानों पर कार्रवाई करेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया है। रोटेरियन दिनेश प्रसाद, अरुण कुमार सहित कई नागरिकों ने बताया कि सड़क किनारे मीट-मछली की बिक्री से शहर की स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित हो रही है। कई स्थानों पर गंदगी और दुर्गंध के कारण राहगीरों और आसपास के दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय नागरिक निर्मल द्विवेदी, डॉ. अनिल कुमार एवं अन्य लोगों का कहना है कि राजगीर एक अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में देश-विदेश से पर्यटक आते हैं। ऐसे में सड़क किनारे अव्यवस्थित ढंग से संचालित हो रही मीट-मछली की दुकानों से शहर की छवि पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने

प्रशासन से मांग की है कि बिना लाइसेंस संचालित दुकानों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। जैन धर्मावलंबियों की ओर से भी इस विषय को लेकर कई बार नाराजगी जताई जा चुकी है।

लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने इस दिशा में सख्त कदम नहीं उठाया, तो शहर में स्वच्छता और यातायात व्यवस्था दोनों प्रभावित हो सकती हैं। अब देखना यह है कि प्रशासन उपमुख्यमंत्री के निर्देशों को कितनी गंभीरता से लागू करता है और कब तक सड़क किनारे संचालित हो रही अवैध दुकानों पर प्रभावी कार्रवाई होती है।

इस संबंध में नगर परिषद राजगीर के नगर प्रबंधक सुजीत कुमार ने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र में मीट, मछली और मुर्गा-मुर्गी की बिक्री करने वाले सभी दुकानदारों के लिए सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। सभी संबंधित विक्रेताओं को ट्रेड लाइसेंस लेने के लिए नोटिस भी दिया गया है। उन्होंने कहा कि बिना ट्रेड लाइसेंस के दुकान चलाने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। निर्धारित समय के भीतर लाइसेंस नहीं लेने पर जुर्माना वसूला जाएगा तथा आवश्यकता पड़ने पर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

# परमानंदपुर पुल के पास मोटरसाइकिल से गिरकर आशा कार्यकर्ता की दर्दनाक मौत

आर संतोष भारती

कतरीसराय (अपना नालंदा)। कतरीसराय थाना क्षेत्र के परमानंदपुर पुल के समीप मोटरसाइकिल से गिरकर एक आशा कार्यकर्ता की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक का माहौल व्याप्त है तथा मृतका के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

मृतका की पहचान नालंदा जिले के सरमेरा थाना क्षेत्र के धनुकी गांव निवासी अयोध्या प्रसाद की पत्नी लगभग 50 वर्षीय चंचल देवी के रूप में की गई है। बताया जाता है कि चंचल देवी अपने पुत्र के साथ पावापुरी स्थित विम्स अस्पताल में किसी रिश्तेदार को देखने के लिए गई थीं। अस्पताल से वापस लौटते समय वह अपने पुत्र के साथ मोटरसाइकिल से घर आ रही थीं।इसी दौरान कतरीसराय थाना क्षेत्र के परमानंदपुर पुल के समीप सड़क पर पड़े ईंट पर मोटरसाइकिल का आगे का पहिया चढ़ गया, जिससे मोटरसाइकिल अचानक अनियंत्रित हो गई। संतुलन बिगड़ने के कारण चंचल देवी मोटरसाइकिल से गिर गईं और उनके सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट लग गई। चोट इतनी गंभीर थी कि घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और पुलिस को इसकी जानकारी दी।

# समृद्धि यात्रा में बेगूसराय को 274 करोड़ की विकास योजनाओं की सौगात

पटना (अपना नालंदा)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को समृद्धि यात्रा के क्रम में बेगूसराय जिले का दौरा कर 274 करोड़ रुपये की लागत से 400 विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जिले में चल रही विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का निरीक्षण कर अधिकारियों को कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने सबसे पहले निर्माणाधीन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, बेगूसराय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अस्पताल का निर्माण कार्य तय समय सीमा के भीतर पूरा कराया जाए तथा अस्पताल परिसर में चिकित्सकों एवं कर्मियों के लिए आवासन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही मुख्य सड़क से अस्पताल परिसर तक सुगम आवागमन की व्यवस्था भी विकसित की जाए, ताकि आम लोगों को इलाज के लिए आने-जाने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि अस्पताल के निर्माण से आसपास के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी।

इसके बाद मुख्यमंत्री ने बेगूसराय औद्योगिक क्षेत्र का दौरा कर विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने केम्प्टी बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड, मेडिवर्सल सिमरन मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल तथा ऋषभराज (कूलप्लस प्लाटोवेयर) का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। वहीं एपिक एग्रो प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड का शिलान्यास किया गया। इंडस्ट्रियल ग्रोथ सेंटर, बेगूसराय में स्थापित नेचर पॉलीप्लास्ट लिमिटेड का मुख्यमंत्री ने फीता काटकर उद्घाटन किया और वहां चल रहे उत्पादन कार्यों की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पूरे बिहार में औद्योगिक इकाइयों को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य कर रही है। प्रत्येक जिले में औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जा रहे हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और क्षेत्र का आर्थिक विकास भी तेजी से होगा।

मुख्यमंत्री ने बियाडा प्रांगण में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का भी अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने 9715 जीविका स्वयं सहायता समूहों को बैंकों से ऋण के रूप में 578 करोड़ 9 लाख रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। इसके साथ ही जीविका महिलाविकास स्वावलंबी सहकारी समिति का निबंधन प्रमाण पत्र, 13 दीदी अधिकार केंद्रों की चाभी, सतत जीविकोपार्जन योजना के लाभार्थियों को ई-रिक्शा की चाभी तथा 405 लाभार्थियों को जीविकोपार्जन निवेश निधि के तहत 2 करोड़ रुपये का सांकेतिक चेक और किसान क्रेडिट कार्ड ऋण का चेक भी प्रदान किया गया।

इस अवसर पर जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। मुख्यमंत्री ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि जीविका दीदियां बेहतर कार्य कर रही हैं और सरकार उन्हें आगे भी हरसंभव सहयोग देती रहेगी।

मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा के दौरान घोषित योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से उनके क्रियान्वयन की प्रगति की जानकारी ली। इनमें तेघड़ा-मुबारकपुर पथ का चौड़ीकरण, बखरी-बहादुरपुर बाईपास पथ का निर्माण, बीटीपीएस चकिया से लखमिनियां बलिया भाया गुप्ता लखमिनियां बांध तक बाईपास पथ का चौड़ीकरण, कावर झील से जुड़े नालों की उड़ाही एवं चेकडैम निर्माण, सिमरिया घाट एवं कल्पवास मेला क्षेत्र का विकास तथा शाम्हो प्रखंड के अकहा पूरहा में डिग्री कॉलेज की स्थापना जैसी योजनाएं शामिल हैं।

बियाडा प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने 274 करोड़ रुपये की लागत से 400 विकास योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।

इनमें 165 करोड़ रुपये की लागत से 211 योजनाओं का उद्घाटन तथा 109 करोड़ रुपये की लागत से 189 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री सुरेंद्र मेहता, गन्ना उद्योग मंत्री संजय कुमार, विधायक अभिषेक आनंद, विधायक रजनीश कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक (मुख्यालय) सुनील कुमार, स्वास्थ्य विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुंगेर प्रमंडल के आयुक्त प्रेम सिंह मीणा, बेगूसराय प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक शैलेश कुमार सिन्हा, बेगूसराय के जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, पुलिस अधीक्षक मनीष सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# फलहनमा गांव में आग लगने से दो भैंस की मौत, पशुपालक का पुत्र झुलसा

हरनौत। प्रखंड के लोहारा पंचायत स्थित फलहनमा गांव में शुक्रवार रात बथान में अचानक आग लगने से दो भैंस की जलकर मौत हो गई। आग बुझाने के दौरान पशुपालक श्याम बालक पासवान का पुत्र विक्रांत कुमार झुलसकर घायल हो गया।बताया गया कि आग लगते ही ग्रामीणों ने हरनौत थाना और दमकल विभाग को सूचना दी। दमकल कर्मियों और ग्रामीणों के प्रयास से आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक फूस के बथान में बंधी दोनों भैंस जलकर मर चुकी थीं। इनमें एक दुधारू भैंस थी, जिसकी कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है।आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है,

# विश्वकर्मा योजना अंतर्गत 15-16 मार्च को दो दिवसीय प्रदर्शनी सह व्यापार मेला होगा आयोजित

संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। राजगीर स्थित अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत 15-16 मार्च 2026 को दो दिवसीय प्रदर्शनी सह व्यापार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का आयोजन एम.एस.एम.ई.-विकास कार्यालय, पटना द्वारा किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को प्रोत्साहित करना तथा उनके उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराना है।कार्यक्रम के समन्वयक तथा एम.एस.एम.ई.-विकास कार्यालय, पटना के सहायक निदेशक घमंडी लाल मीणा ने बताया कि इस प्रदर्शनी सह व्यापार मेले का उद्घाटन करने के लिए केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने अपनी सहमति प्रदान की है। इस आयोजन में बड़ी संख्या में कारीगर, उद्यमी, विद्यार्थी तथा आम नागरिक भाग लेंगे।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का मुख्य उद्देश्य देश के पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को सशक्त बनाना है। इसके अंतर्गत कारीगरों को निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण, टूलकिट प्रोत्साहन, डिजिटल लेनदेन के लिए प्रोत्साहन तथा कम ब्याज दर पर ऋण सुविधा प्रदान की जाती है, ताकि वे अपने पारंपरिक व्यवसाय को आगे बढ़ाकर आत्मनिर्भर बन सकें।प्रदर्शनी सह व्यापार मेले में बढ़ई, लोहार, कुम्हार, सुनार, दर्जी, राजमिस्त्री, मोची, नाई समेत अन्य पारंपरिक व्यवसायों से जुड़े कारीगरों द्वारा निर्मित उत्कृष्ट उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इससे कारीगरों को अपने उत्पादों के विपणन का अवसर मिलेगा, वहीं आगंतुकों को स्थानीय हस्तनिर्मित वस्तुओं को देखने और खरीदने का मौका प्राप्त होगा।

कार्यक्रम के दौरान एमएसएमई मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं जैसे उद्यम पंजीकरण, उद्यमिता विकास, विपणन सहायता तथा स्वरोजगार से संबंधित योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। आयोजकों ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस मेले में भाग लेकर स्थानीय कारीगरों के हुनर को प्रोत्साहित करें।

# पमारा गांव में मारपीट, लूट और फायरिंग मामले में प्राथमिकी दर्ज

थरथरी (अपना नालंदा)। थरथरी थाना क्षेत्र के पमारा गांव में घर पर चढ़कर गाली-गलौज, मारपीट, सोने की चेन छीनने, दरवाजा तोड़ने तथा फायरिंग करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़िता प्रमिला कुमारी ने थरथरी थाना में चार लोगों को नामजद करते हुए 10-15 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

पीड़िता प्रमिला कुमारी, जो पमारा गांव निवासी स्वर्गीय अशोक कुमार वर्मा की पत्नी हैं, ने आरोप लगाया है कि थाना क्षेत्र के त्रिभुवन बिगहा गांव के सुजीत यादव सहित अन्य लोग उनके घर पर चढ़ आए। आरोपितों ने घर पहुंचते ही गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर मारपीट करने लगे। इस दौरान आरोपितों ने उनके गले से सोने की चेन भी छीन ली।पीड़िता के अनुसार जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपितों ने घर का दरवाजा तोड़ दिया और इलाके में दहशत फैलाने के उद्देश्य से फायरिंग भी की। अचानक हुई इस घटना से आसपास के लोगों में भय और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना के बाद आरोपित मौके से फरार हो गए।घटना की सूचना मिलने के बाद पीड़िता ने थरथरी थाना में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने आवेदन के आधार पर चार नामजद आरोपितों समेत 10-15 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# कल पटना में सजेगी भोजपुरिया सितारों की महफिल

पटना(अपना नालंदा)। भोजपुरी सिनेमा के कलाकारों और तकनीशियनों को सम्मानित करने के लिए आयोजित होने वाला प्रतिष्ठित सरस सलिल भोजपुरी सिने अवार्ड्स इस वर्ष अपने सातवें संस्करण के साथ बिहार की राजधानी पटना में आयोजित होगा। कल 15 मार्च 2026 को सायं 6 बजे पटना के ऐतिहासिक बापू सभागार में इस भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह अवॉर्ड समारोह भोजपुरी फिल्म उद्योग के लिए एक बड़े सांस्कृतिक उत्सव के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें सिनेमा जगत की कई दिग्गज हस्तियों के शामिल होने की संभावना है। आयोजकों का कहना है कि इस बार कार्यक्रम को पहले से अधिक भव्य और आकर्षक रूप दिया जा रहा है, जिससे दर्शकों को मनोरंजन का विशेष अनुभव मिलेगा।

कार्यक्रम के आयोजक सदस्य भानु प्रकाश राणा ने बताया कि अवॉर्ड्स के लिए नामांकित फिल्मों और कलाकारों का चयन विशेषज्ञ ज्यूरी द्वारा किया गया है। समारोह के दौरान कुल 60 श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। अवॉर्ड नाइट में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, लाइव म्यूजिकल परफॉर्मेंस और स्टार नाइट मुख्य आकर्षण होंगे। भोजपुरी सिनेमा के कई चर्चित कलाकार और गायक मंच पर अपनी प्रस्तुति देंगे, जिससे कार्यक्रम और भी यादगार बनने की उम्मीद है।

आयोजन समिति के सदस्य बृहस्पति कुमार पांडेय ने जानकारी दी कि बदलते डिजिटल दौर को ध्यान में रखते हुए इस बार अवॉर्ड्स को तीन अलग-अलग वर्गों में बांटा गया है— थिएटर रिलीज फिल्में, ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज कंटेंट और यूट्यूब/टीवी आधारित कंटेंट। इस पहल का उद्देश्य भोजपुरी सिनेमा के साथ-साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उभर रही प्रतिभाओं को भी सम्मानित करना है। उन्होंने बताया कि इससे नए कलाकारों और तकनीशियनों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

सरस सलिल भोजपुरी सिने अवार्ड्स की शुरुआत वर्ष 2020 में हुई थी और तब से यह समारोह लगातार लोकप्रिय होता जा रहा है। इससे पहले इसके सफल आयोजन अयोध्या, बस्ती और लखनऊ जैसे शहरों में हो चुके हैं। पिछले वर्ष लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित छठे संस्करण में 50 से अधिक श्रेणियों में कलाकारों को सम्मानित किया गया था। उस समारोह में भोजपुरी फिल्म उद्योग की कई जानी-मानी हस्तियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान मिला था।

अब तक हुए अवॉर्ड समारोहों में भोजपुरी सिनेमा के कई लोकप्रिय सितारों को सम्मानित किया जा चुका है। इनमें दिनेश लाल यादव निरहुआ, अरविंद अकेला कल्लू, प्रदीप पांडे चिंटू, अंजना सिंह, आम्रपाली दुबे, संजय पांडेय, देव सिंह, अवधेश मिश्रा, रक्षा गुप्ता, मनोज टाइगर, प्रियंका सिंह सहित कई नामचीन कलाकार शामिल हैं। आयोजकों का कहना है कि इस समारोह का उद्देश्य भोजपुरी सिनेमा के कलाकारों और तकनीशियनों को प्रोत्साहित करना और क्षेत्रीय सिनेमा को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाना है।

# सदर अस्पताल में बारह मरीजों का हुआ मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। सदर अस्पताल में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के कारण मरीजों को बेहतर इलाज मिल रहा है। अस्पताल में अब सिजेरियन ऑपरेशन से लेकर सामान्य तथा जटिल बीमारियों तक का उपचार सुव्यवस्थित ढंग से किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को सदर अस्पताल में मोतियाबिंद के बारह मरीजों का सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया।

सिविल सर्जन डॉ. जयप्रकाश सिंह ने अस्पताल पहुंचकर ऑपरेशन कराए गए मरीजों से मुलाकात की और उनसे अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं तथा उपचार की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बताया कि सभी मरीजों को 12 मार्च को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसके बाद 13 मार्च को हिलसा स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ. सुमन कुमार के नेतृत्व में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा सभी मरीजों का सफल ऑपरेशन किया गया।सिविल सर्जन ने बताया कि ऑपरेशन के बादसभी मरीजों की स्थिति सामान्य पाई गई।

चिकित्सकों की देखरेख में उन्हें आवश्यक दवाइयां और परामर्श दिया गया। स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद 14 मार्च को सभी मरीजों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। उन्होंने कहा कि अस्पताल में बेहतर चिकित्सा व्यवस्था के कारण मरीजों में संतोष देखा जा रहा है।

मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन कराने वाले मरीजों में सिवान जिले के गगनपुरा गांव निवासी रामाश्रय पांडे, पटना जिले के करकायन निवासी मालती देवी, चंडी की सुनीता देवी, प्रभु की सीमा देवी, गिरियक की फुलो देवी, दुलारी देवी, बिहारशरीफ की नुसरत खातून, डोली कुमारी, सुधा देवी तथा अनवर अहमद समेत अन्य महिला और पुरुष मरीज शामिल हैं।

इस अवसर पर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. राजीव रंजन तथा स्वास्थ्य प्रबंधक मोहम्मद इमरान अहमद भी मौजूद रहे।

